प्रेस विज्ञप्ति

रायपुर, दिनांक 31 जनवरी, 2014

-छत्तीसगढ़ से राज्यसभा की दो सीटों के लिए श्री रणविजय प्रताप सिंह जूदेव एवं श्री मोतीलाल वोरा निर्वाचित.

-श्री रणविजय प्रताप सिंह जूदेव ने निर्वाचन अधिकारी से राज्यसभा निर्वाचन का प्रमाण-पत्र प्राप्त किया.

छत्तीसगढ़ से राज्यसभा की दो सीटों के लिए रिक्त होने वाले स्थान की पूर्ति के लिए आज नाम वापस लेने का समय समाप्त होने के पश्वात् निर्वाचन अधिकारी एवं प्रमुख सचिव विधानसभा श्री देवेन्द्र वर्मा द्वारा श्री रणविजय प्रताप सिंह जूदेव एवं श्री मोतीलाल वोरा को राज्यसभा के लिए निर्वाचित घोषित किया गया।

राज्यसभा द्विवार्षिकी निर्वाचन के लिए नियुक्त निर्वाचन अधिकारी एवं प्रमुख सचिव विधानसभा श्री देवेन्द्र वर्मा ने आज नाम वापसी का निर्धारित समय पूरा होने के पश्चात् श्री रणविजय प्रताप सिंह जूदेव को निर्वाचित होने संबंधी प्रमाण-पत्र प्रदाय किया। इस अवसर पर लोकनिर्माण विभाग के मंत्री श्री राजेश मूणत, सांसद श्रीमती कमला पाटले, संगठन महामंत्री श्री रामप्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है के राज्यसभा निर्वाचन हेतु 31 जनवरी को अपरान्ह 3.00 बजे तक नाम वापस लिये जाने की समय सीमा समाप्त होने के पश्वात् दोनों ही प्रत्याशियों को निर्वाचित घोषित किया गया। विधानसभा प्रमुख सचिव श्री देवेन्द्र वर्मा ने श्री रणविजय प्रताप सिंह जूदेव को पुष्प-गुच्छ भेंट कर उन्हें अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।